Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to restart Hindi language-based services of FM Gold Akashvani-laid.

श्री भर्तृहरि महताब (कटक): आकाशवाणी से प्रचारित अत्यंत महत्वपूर्ण विदेश सेवा की हिन्दी भाषा की सेवायें बंद कर दी गयी । जबकि अन्य भाषाओं जैसे कि उर्दू, इंडोनेशियाई, पारसी आदि भाषाओं का प्रसारण जारी है । देश की सीमाओं से जुड़े हुये क्षेत्रों मे विदेशी चैनलों के कार्यक्रम चल रहे हैं । नेपाल वासियों में दुष्प्रचार करने के साथ ही चीन की विदेश प्रसारण सेवा चाइना रेडियो इंटरनेशनल शार्टवेव के द्वारा हिन्दी प्रसारण के माध्यम से उत्तराखंड के बड़े हिस्से को प्रभावित किया जा रहा है । पहले चीन की हिन्दी सेवा अल्मोड़ा तक सुनाई देती थी,जबकि अब मैदानी क्षेत्र बिजनौर में भी इसे सुना जाता है । आकाशवाणी के हिन्दी भाषा के लोकप्रिय चैनल एफ़.एम.गोल्ड का स्वरूप बदल कर उसे केवल समाचार केन्द्रित कर दिया गया है ।यह चैनल बोलचाल की सरल व मानक हिन्दी में जानकारी और मनोरंजन देनेवाला अकेला चैनल था ।इसको पहले स्वरूप मे बहाल किया जाये । मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त बिन्दुओं पर विचार कर उचित कार्रवाई की जाये ।